C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 296 | बिजौलिया - सोमवार, 04 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## विधानसभा परिसर में बनेगी नक्षत्र व हर्बल वाटिका, 5 मई को होगा उद्घाटन

### अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी की पहल, पांच राज्यों के स्पीकर्स रहेंगे मौजूद




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान विधानसभा परिसर में भारतीय ज्ञान परंपरा, ज्योतिष और आयुर्वेद के समन्वय को साकार करते हुए नक्षत्र वाटिका और हर्बल वाटिका विकसित की जा रही है। इन वाटिकाओं का उद्घाटन 5 मई को प्रातः 10 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभाओं के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सतीश महाना, कुलदीप सिंह पठानिया, सूरमा पाढी और मिगमा नाबू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल होंगे।

### 27 नक्षत्रों पर आधारित वाटिका

डॉ. देवनानी ने बताया कि नक्षत्र वाटिका भारतीय ज्योतिष के 27 नक्षत्रों पर आधारित है। विधानसभा के दक्षिण भाग में लगभग पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में अर्धचंद्राकार उद्यान विकसित किया गया है, जिसमें प्रत्येक नक्षत्र से संबंधित वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। इन वृक्षों का संबंध नौ ग्रहों, बारह राशियों और त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव से भी माना गया है।

### हर्बल वाटिका में 38 औषधीय प्रजातियां

विधानसभा परिसर के उत्तर-पश्चिम भाग में लगभग 850 वर्ग मीटर क्षेत्र में हर्बल वाटिका विकसित की गई है। इसमें 38 क्यारियों में 38 प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। इनमें तुलसी, अश्वगंधा, एलोवेरा, लेमनग्रास, ब्राह्मी, सर्पगंधा सहित कई महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक पौधे शामिल हैं।

### पर्यावरण व परंपरा का संगम

डॉ. देवनानी ने कहा कि ये वाटिकाएं केवल उद्यान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रतीक होंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में अपने नक्षत्र से जुड़े वृक्षों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल जैव विविधता के संरक्षण, औषधीय पौधों के संवर्धन और सकारात्मक वातावरण निर्माण में सहायक होगी, साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, ज्योतिष और प्रकृति के संबंधों से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

## पंचवटी मर्डर केस का खुलासा: मुख्य आरोपी दिलीप भाटी गिरफ्तार, महिला विवाद बना हत्या की वजह



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के पॉश इलाके पंचवटी में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी दिलीप सिंह भाटी को गिरफ्तार कर लिया है। नेहरू विहार निवासी युवक रवि उर्फ पीरू की सरेआम चाकू से गोदकर हत्या के बाद शहर में फैले आक्रोश के बीच पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार होने की फिराक में था, लेकिन कोतवाली थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर रविवार शाम आरोपी को दबोच लिया। आरोपी दिलीप भाटी कावाखेड़ा का मूल निवासी है और वर्तमान में पंचवटी क्षेत्र में रह रहा था। वह पेशे से फोटोग्राफर बताया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना कबूल कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात के पीछे एक महिला को लेकर पुराना विवाद मुख्य कारण था। फिलहाल पुलिस इस बात की भी गहन जांच कर रही है कि आरोपी पहले से ही चाकू लेकर मौके पर पहुंचा था या नहीं, और क्या इस हत्याकांड में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था। पुलिस अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी, जहां पूछताछ के दौरान हत्या में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी, घटनास्थल का सीन रिक्रिएशन और विवाद की असली वजहों की कड़ियां जोड़ी जाएंगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 'अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून से बच नहीं सकता। आरोपी को उसके किए की कड़ी सजा दिलाई जाएगी।' हालांकि आरोपी की गिरफ्तारी से जनता का गुस्सा कुछ कम हुआ है, लेकिन शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बैकुंठ धाम में भक्ति संग राजनीति की गूंज, सचिन पायलट ने युवाओं को दिया संदेश

### देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा व 51 कुंडीय विष्णु महायज्ञ में उमड़ा जनसैलाब, बेरोजगारी और निकाय चुनावों पर सरकार पर साधा निशाना





**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

क्षेत्र के बैकुंठ धाम बरनाघर में रविवार को आयोजित भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा और 51 कुंडीय विष्णु महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक एकता और राजनीतिक संदेशों का भी बड़ा मंच बनकर उभरा। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने युवाओं, बेरोजगारी और प्रदेश की राजनीति को लेकर महत्वपूर्ण बातें रखीं।




कार्यक्रम की शुरुआत बाजुंदा स्थित भगवान देवनारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। 2100 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली, जो बैकुंठ धाम बरनाघर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ यात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इसके बाद सचिन पायलट समर्थकों और जनप्रतिनिधियों के साथ काफिले में कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने भगवान देवनारायण के दर्शन कर हवन-यज्ञ में भाग लिया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। आयोजन समिति और युवाओं ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पायलट ने लोकदेवताओं के आदर्शों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताते हुए युवाओं से अपने इतिहास और संस्कृति को याद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही युवाओं को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। साथ ही समाज में एकता और सहयोग की भावना बनाए रखना भी जरूरी है।

उन्होंने देश में बढ़ती बेरोजगारी को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि युवा वर्ग आज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और उन्हें बेहतर रोजगार अवसर मिलना चाहिए। पायलट ने कहा कि वे हमेशा युवाओं के हितों के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पायलट ने कहा कि सरकार के कार्यकाल का एक बड़ा हिस्सा बीत चुका है और अब जनता को भविष्य के लिए सजग होकर निर्णय लेना होगा। उन्होंने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराने को लेकर भी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में देरी उचित नहीं है। पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी चुनावों में एकजुटता से कार्य करेगी और स्थानीय निकाय चुनावों में जीत सरकार के ढाई साल के कार्यकाल का हिसाब देगी।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर ने समाज की मजबूती के लिए एकजुटता को आवश्यक बताया।

## गश्त पर निकले कॉन्स्टेबल की हत्या, लहूलुहान शव मिलने से सनसनी

### परिजनों ने बजरी माफिया पर जताया शक ,मुआवजा व नौकरी की घोषणा के बाद हुआ अंतिम संस्कार



**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक।**


जिले के बनेठा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गश्त पर निकले एक पुलिस कॉन्स्टेबल का लहूलुहान शव सड़क किनारे मिला। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया और परिजनों ने हत्या के पीछे बजरी माफिया का हाथ होने की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार कॉन्स्टेबल भागचंद सैनी (26) शनिवार रात करीब 12 बजे बाइक लेकर गश्त पर निकले थे। रविवार सुबह करीब 8 बजे उनियारा क्षेत्र के रुपवास मोड़ के पास ग्रामीणों ने उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर उनकी बाइक भी पड़ी मिली। शरीर के चेहरे, गर्दन और सीने पर गहरे घाव पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही एसपी राजेश मीणा, एएसपी रतनलाल भार्गव और डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। परिजनों को भी सूचना देकर बुलाया गया, जहां बेटे का शव देखकर पिता बेहोश हो गए।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां परिजन धरने पर बैठ गए। उन्होंने एक करोड़ रुपए मुआवजा, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सरकारी नौकरी की मांग रखी। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने परिजनों की मांगों पर सहमति जताई। एडिशनल एसपी रतनलाल भार्गव ने पुलिस मुख्यालय से आए पत्र के आधार पर 1 करोड़ से अधिक आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार और अन्य सुविधाएं देने की घोषणा की। इसके बाद परिजन शव उठाने को राजी हुए।

बनेठा थाना प्रभारी भागीरथ चौधरी के अनुसार मामले में एनडीपीएस सहित विभिन्न एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का खुलासा किया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने भी मौके पर पहुंचकर घटना पर चिंता जताई और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।

गौरतलब है कि भागचंद की 2018 में पुलिस सेवा में नियुक्ति हुई थी। वर्ष 2022 में उनका विवाह हुआ था और उनका 21 महीने का एक बेटा भी है। परिवार में वे सबसे छोटे थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## जमीन आवंटन विवादों के बीच UIT सचिव पर गिरी गाज , एपीओ



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर विकास न्यास (UIT) भीलवाड़ा में जमीन आवंटन से जुड़े मामलों के बीच राज्य सरकार ने सचिव ललित गोयल को एपीओ कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, जमीन आवंटन से जुड़ी शिकायतें सामने आने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने जारी किया है ।

C M Y K

# पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने किए कोटड़ी श्याम के दर्शन



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।

**दिनेश पारीक।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, रविवार को कस्बे में पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध आस्था स्थल श्री कोटड़ी श्याम मंदिर में दर्शन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

इस अवसर पर उनके साथ जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नंदराय के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद सेन, धर्मचंद जीनगर, अनिल तिवाड़ी, प्रकाश गाडरी, राजकुमार जाट, रामलाल साहू, देबीलाल जाट, कैलाश जाट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कार्यकर्ताओं ने सतीश पूनिया का स्वागत किया। इस दौरान पूनिया ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की।


# रेलवे कॉलोनी में चोरों के हौसले बुलंदः शिव मंदिर तक नहीं बचा, कर्मचारियों में भारी आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने अब सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला 2 मई की देर रात का है, जब चोरों ने कॉलोनी स्थित शिव मंदिर को भी नहीं बख्शा। अज्ञात बदमाशों ने मंदिर की तिजोरी और अलमारी का ताला तोड़कर नगदी, पूजन सामग्री सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।

सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और अंदर पूजन सामग्री बिखरी पड़ी थी। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कॉलोनी के कर्मचारी मौके पर एकत्रित हो गए और मांडलगढ़ थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

गौरतलब है कि इससे पहले 20-21 अप्रैल की रात को भी चोरों ने इसी रेलवे कॉलोनी के 11 आवासों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, सोना-चांदी और कीमती सामान चोरी कर लिया था। लेकिन अब तक पुलिस किसी भी आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। इससे चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।



लगातार हो रही घटनाओं से रेलवे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि अब वे छुट्टियों में अपने घर जाने से भी डर रहे हैं, क्योंकि पीछे से चोरी का खतरा बना रहता है। क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि गत वर्ष भी गेनोली रोड रेलवे कॉलोनी में कई बार चोरी की वारदातें हुई थीं। इसके अलावा हाल ही में परसोली रेलवे कॉलोनी में मोटरसाइकिल चोरी और बस्सी-बेरिसाल रेलवे कॉलोनी में भी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। वर्ष 2024, 2025 और 2026 में लगातार हो रही इन वारदातों के बावजूद अब तक पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

# मानसी नदी किनारे देवनारायण मंदिर में महायज्ञ व रामकथा का भव्य आयोजन

## 10 मई तक चलेगा धार्मिक महोत्सव, वैदिक मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र





भीलवाड़ा फोकस @ आगुंचा।

क्षेत्र के पुराना भेरूखेड़ा स्थित मानसी नदी किनारे विराजित श्री देवनारायण मंदिर में 2 मई से प्रारंभ हुआ शिखर कलश प्रतिष्ठा, नवकुंडात्मक श्री नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। यह धार्मिक महोत्सव 10 मई तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

यह आयोजन यज्ञकर्ता महंत लवकुश दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है, जबकि यज्ञाचार्य पंडित अमरदीप शास्त्री (अजमेर) द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समस्त अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं।

आयोजन के तहत रविवार प्रातः विशेष धार्मिक अनुष्ठानों में दशविधि स्नान, अग्नि मंथन, स्थापित देवताओं का हवन तथा यज्ञ नारायण भगवान की भव्य आरती की गई। वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्तिमय वातावरण से मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर हो गया।

गौरतलब है कि कार्यक्रम का शुभारंभ 2 मई को सुबह 7:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। इसके पश्चात प्रतिदिन श्री नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

# घर में घुसे चोर, वृद्ध महिला पर हमला कर गहने लूटे

## दरवाजे बंद कर परिवार को किया कैद, शोर मचने पर खेतों की ओर भागे बदमाश

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के थला (श्रीपुरा) गांव में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए वृद्ध महिला पर हमला कर सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

उदयलाल पुत्र भगवान लाल गुर्जर ने बताया कि शनिवार रात करीब 1:30 बजे तीन अज्ञात चोर घर के पीछे का दरवाजा फांदकर अंदर घुसे। बरामदे में सो रही उनकी मां गट्टू देवी पर दो चोरों ने मुंह पर कंबल डालकर हमला किया और गहने लूट लिए।

चोर महिला के गले से करीब आधा किलो चांदी की खूंगाली और नाक से लगभग 12 ग्राम सोने की नथ चुरा ले गए। महिला के चिल्लाने पर पड़ोसियों ने चोरों को ललकारा, जिस पर बदमाश पीछे के दरवाजे से खेतों की ओर भाग निकले।



घटना के दौरान महिला का बेटा छत पर सो रहा था, जबकि बच्चे कमरे में सो रहे थे। चोरों ने सीढ़ियों के गेट को रस्सी से बांध दिया और कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। साथ ही मुख्य दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया, जिससे परिवार बाहर नहीं निकल सका।

सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी जसवंत सिंह मय जाप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, वहीं एफएसएल टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शाहपुरा को चमकाने की तैयारी, विधायक बैरवा ने खोला विकास का पिटारा

## सड़क, पानी, रोशनी... शाहपुरा में अब हर मोर्चे पर विकास की रफ्तार तेज

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**मूलचन्द पेसवानी**

नगर में अब विकास की रफ्तार तेज होने जा रही है। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने जनसुनवाई में जनता से मिले सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शहर के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दे दी है। नगर पालिका के जरिए इन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे जल्द ही धरातल पर काम नजर आने लगेंगे।जनसुनवाई में शहरवासियों ने टूटी सड़कों, जाम नालियों, पेयजल संकट, खराब स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक स्थलों की बदहाली जैसे मुद्दे उठाए थे। इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने साफ कहा कि शाहपुरा का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

स्वीकृत कार्यों में शहर की सड़कों का निर्माण व मरम्मत, नई नालियों का निर्माण, पेयजल लाइन विस्तार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत करना, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण सहित कई जरूरी नागरिक सुविधाओं से जुड़े काम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन विकास कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे हों। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग कर जनता को समय पर राहत देने पर जोर दिया गया है। डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि 'जनता का विश्वास और सुझाव ही विकास की असली ताकत है। शाहपुरा को आधुनिक और सुविधायुक्त नगर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। 'अब शहरवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं से राहत मिलेगी और शाहपुरा विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।



# 'भगवान ने जितना दिया, उसी में संतोष रखें' : ममता दीदी

## नानी बाई का मायरा कथा में श्रद्धालु भाव-विभोर, विष्णु महायज्ञ में एक लाख आहुतियां

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

**(जसवंत पारीक)**।कस्बे में चल रहे विष्णु महायज्ञ के अंतर्गत लक्ष्मीनाथ मंदिर चौक में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ममता दीदी ने श्रद्धालुओं को संतोष का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को भगवान द्वारा दिए गए में ही संतुष्ट रहना चाहिए।

कथा के दौरान ममता दीदी ने नरसी मेहता प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि नानी बाई के ससुराल पक्ष द्वारा अत्यधिक मांगें रखी जाती हैं और नरसी मेहता की आर्थिक स्थिति का उपहास उड़ाया जाता है। जब उन्हें अपनी पुत्री के मायरे का समाचार मिलता है, तो वे भगवान श्रीकृष्ण को स्मरण करते हैं। उनकी दीन-दशा और बेटी के प्रति चिंता का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।

उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्त की लाज रखने के लिए मायरा भरने की व्यवस्था करते हैं, जिससे भक्ति की महिमा का बोध होता है। कथा के दौरान कृष्ण भजन और कीर्तन पर श्रद्धालु झूम उठे।



इस अवसर पर आयोजित पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ में रविवार को एक लाख विष्णु सहस्त्रनाम की आहुतियां दी गईं। यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) एवं पंडित गोपाललाल भट्ट ने बताया कि इससे पूर्व स्थापित देवी-देवताओं का पूजन, हवन, भगवान लक्ष्मीनाथ का अभिषेक तथा कलश व मूर्तियों का शंकरा अधिवास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान यज्ञशाला समिति द्वारा आकोला शिवालय के महंत रामसनेही दास जी महाराज एवं फलौदी के महंत वैष्णव दास जी महाराज का स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु आयोजन में उपस्थित रहे।

# रामस्नेही सत्संग का आगाज, पधरावणी में उमड़ा जनसैलाब

## आचार्य रामदयाल महाराज के प्रवचनों से गूंजा वातावरण, भक्ति और नैतिक जीवन का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

**(परमेश्वर )।** कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय रामस्नेही सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार सुबह भव्य पधरावणी के साथ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ के पीठाधीश्वर रामदयाल महाराज के आगमन पर ग्रामीणों ने बैण्ड-बाजों और पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। मोगरिया जी की हवेली में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पधरावणी के पश्चात आचार्य श्री रामदयाल महाराज ने धर्म, आध्यात्मिकता और नैतिक जीवन से जुड़े विषयों पर सारगर्भित प्रवचन दिए। उन्होंने मानव जीवन में सत्कर्म, सद्भाव और संयम के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित जनसमूह को सद्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं को राम नाम का श्रवण कराते हुए भक्ति की महिमा बताई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रवचनों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए और राम नाम की ध्वनि से परिसर गुंजायमान हो गया। आयोजन के तहत प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तथा सायं 8 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे।






# विहिप-बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न, प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग महाप्रज्ञ भवन, मेडिसिटी ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि बैठक में संगठन की योजनानुसार 16 से 23 मई तक आयोजित होने वाले प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस रात्रिकालीन सत्र में सत्संग प्रांत प्रमुख रामरतन जोशी एवं महानगर सत्संग प्रमुख बाबूलाल सेन ने सत्संग कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ निम्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेड़िया, उपाध्यक्ष भारत गेंगट एवं प्रखंड अध्यक्ष योगेश सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राम दरबार का तिलक लगाकर किया गया। प्रथम सत्र में महंत मोहन शरण शास्त्री ने संगठन के उद्देश्य, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता एवं सेवा कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विहिप-बजरंग दल समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और भारतीय संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत है।

द्वितीय सत्र में महानगर उपाध्यक्ष भारत गेंगट ने धर्मांतरण, लव जिहाद, गोरक्षा एवं नशे जैसी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। तृतीय सत्र में बजरंग दल प्रांत सह-संयोजक अखिलेश व्यास ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनजागरण करने तथा सेवा कार्यों को गति देने का आह्वान किया। साथ ही 16 से 23 मई तक गुलाबपुरा में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया।

अंतिम सत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह-कार्यवाह भगवानलाल जीनगर द्वारा लिया गया, जिसमें संघ के 100 वर्षों के इतिहास एवं कार्यों की जानकारी दी गई।

बैठक में प्रांत स्तर से विनीत द्विवेदी तथा महानगर स्तर से सह मंत्री सौम्या मेहता, सुशील सुवालका, महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत, सह संयोजक हितेश नाथ, पवन ठाकुर, राजकुमार माली, नीलेश सोनी, बाबूलाल सेन, घनश्याम खंडेलवाल, अनिल बांठिया, श्याम शर्मा, विकास सुवालका, कमल राजपुरोहित सहित प्रखंड स्तर से लक्ष्मण सिंह, योगेश सोनी, कुंजबिहारी काबरा, भंवर सिंह, सुनील उपाध्याय, विजेंद्र मिश्रा, अर्जुन साहू, पिंकेस पुरी, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# होड़ा में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, भव्य आयोजन सम्पन्न

## विधायक गोपाल खंडेलवाल सपरिवार बने मुख्य यजमान, हवन-यज्ञ में दी आहुतियां





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



होड़ा ग्राम में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए।

महोत्सव के तहत आयोजित विशेष अनुष्ठान में विधायक खंडेलवाल ने अपनी धर्मपत्नी एवं परिवार के सदस्यों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। विद्वान पंडितों के सान्निध्य में सम्पन्न भव्य हवन-यज्ञ में उन्होंने सपरिवार पूर्णाहूति दी और भगवान नर्मदेश्वर महादेव की प्रतिमा को मंदिर के गर्भगृह में विधिवत प्रतिष्ठित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

विधायक खंडेलवाल ने ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए शुभ संकेत बताया। महोत्सव के दौरान पूरा होड़ा ग्राम 'हर-हर महादेव' के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में विधायक सहित हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। ग्रामवासियों ने विधायक एवं उनके परिवार का आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया।

# शाहपुरा विकास की तस्वीर अब पुस्तिका में... सीएम ने किया विमोचन

## विधायक बैरवा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने रखा शाहपुरा का विकास विजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को अब एक खास दस्तावेज का रूप मिल गया है। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर शाहपुरा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में हुए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री के करकमलों से 'शाहपुरा विकास पुस्तिका' का विमोचन भी कराया गया, जो अब क्षेत्र की विकास यात्रा का आईना मानी जा रही है।

विधायक डॉ. बैरवा ने बताया कि हाल ही प्रकाशित इस विकास पुस्तिका में शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों, प्रगतिशील योजनाओं और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है। पुस्तिका में सड़क, पेयजल, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी एवं ग्रामीण आधारभूत ढांचे से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

राजनीतिक गलियारों में इस पुस्तिका को शाहपुरा के विकास मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह रही कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पुस्तिका का अवलोकन करते हुए क्षेत्रीय विकास प्रयासों की सराहना की।




भेंट के दौरान विधायक बैरवा ने मुख्यमंत्री के समक्ष शाहपुरा क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखा। उन्होंने विभिन्न विकास प्रस्तावों के शीघ्र अनुमोदन एवं क्रियान्वयन की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की अभी और आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाहपुरा के विकास को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा। विधायक डॉ. बैरवा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि राज्य सरकार के सहयोग से शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और विकास को धरातल तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# रायला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्विफ्ट कार से 44 किलो डोडा चूरा बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले की रायला थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि डीएसटी टीम से सूचना मिली कि मांडल चौराहे से एक स्विफ्ट कार तेज गति से निकली है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति सवार हैं। टीम द्वारा वाहन का पीछा किया जा रहा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में तुरंत नाकाबंदी कर दी।

कुछ देर बाद टीम ने सूचना दी कि उक्त कार लांबिया कला टोल नाके से पहले डोड़वानिया का खेड़ा से रूपाहेली खुर्द जाने वाले मार्ग पर मुड़ गई है।

इस पर पुलिस टीम रूपाहेली खुर्द पहुंची, जहां हरिपुरा जाने वाली सड़क पर एक स्विफ्ट कार लावारिस हालत में खड़ी मिली, जिसकी डिक्की खुली हुई थी।

पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ 44 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ।

इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

---

QUICK BITES

# कलश यात्रा के साथ लखमणियास में नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ शुरू

## देवनारायण मंदिर पर 9 मई को अभिजीत मुहूर्त में होगी कलश स्थापना व पूर्णाहुति

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के लखमणियास गांव में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन धोलाई स्थित देवनारायण मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर किया जा रहा है।

यज्ञ आचार्य पंडित चांदमल उपाध्याय ने बताया कि सुबह 9:15 बजे चारभुजा नाथ मंदिर से पूजा-अर्चना कर 108 कलशों को जल से भरा गया, जिसके बाद शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई।

कलश यात्रा में 108 महिलाएं व बालिकाएं सज-धज कर शामिल हुईं। डीजे व ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालु भक्तिमय भजनों पर झूमते नजर आए।

दोपहर 3:15 बजे मंडप प्रवेश के साथ ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर स्थापना की गई तथा सायं 5:15 बजे हवन कुंड में अग्नि स्थापना की गई। हवन में 35 जोड़ों ने आहुतियां दीं, वहीं 8 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। सायं 6:15 बजे महाआरती का आयोजन हुआ।

आयोजन के दौरान प्रधान कुंड की बोली 2 लाख 11 हजार रुपए में मांगीलाल गाड़री के नाम रही।

सात दिवसीय महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति 9 मई को दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ की जाएगी।

## राष्ट्रीय राव श्री छोटू भाट सेवा फाउंडेशन के सांगावत बने प्रदेश अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राष्ट्रीय राव श्री छोटू भाट सेवा फाउंडेशन द्वारा भीलवाड़ा निवासी बद्रीलाल सांगावत को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छोटू भाट जयंती के अवसर पर घोषित की गई।

संस्था के संस्थापक दारासिंह पावटा ने बाबा भाट के जन्मस्थान चोटियास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बद्रीलाल सांगावत को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

संस्थापक दारासिंह पावटा ने कहा कि बद्रीलाल सांगावत लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं और उनके अनुभव व कार्यशैली से संगठन को नई दिशा मिलेगी।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल सांगावत ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाजहित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

# पुण्य स्मृति दिवस पर आत्मध्यान शिविर का आयोजन, साधना और आत्मचिंतन का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



गुरुनी मैया यश कंवर म.सा. के पुण्य-पावन स्मृति दिवस के अवसर पर काशीपुरी स्थित शीतल स्वाध्याय भवन में भव्य एवं आध्यात्मिक आत्मध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर साध्वी ज्ञानकंवर म.सा., साध्वी प्रतिभा कंवर म.सा, एवं साध्वी पुष्पा म.सा, साध्वी सुप्रभा मसा के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर आत्मशुद्धि और साधना का लाभ प्राप्त किया। आत्मध्यान योजना की राष्ट्रीय अध्यक्ष लाड मेहता एवं महामंत्री संजुलता बाबेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'आज के भागदौड़ भरे जीवन में आत्मध्यान अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह न केवल मानसिक शांति देता है, बल्कि व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक दिशा भी प्रदान करता है। गुरुनी यश कंवर म.सा. के आदर्श हमें सेवा, संयम और साधना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। ' प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष बम्ब ने बताया की कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने गुरुनी यश कंवर म.सा. के जीवन एवं उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे वातावरण में भक्ति, साधना और आत्मचिंतन की विशेष अनुभूति देखने को मिली। साध्वी ज्ञानकंवर म.सा. ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि 'आत्मा का साक्षात्कार ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य है। जब तक मनुष्य बाहरी संसार में भटकता रहेगा, तब तक उसे शांति नहीं मिलेगी। आत्मध्यान ही वह माध्यम है, जिससे हम अपने भीतर के विकारों को समाप्त कर सच्चे सुख और शांति को प्राप्त कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि नियमित साधना, संयम और स्वाध्याय के माध्यम से ही आत्मकल्याण संभव है। इस दौरान प्रमुख प्रांतीय मार्गदर्शक अमर सिंह डूंगरवाल, जितेश डूंगरवाल, नीतू डूंगरवाल, महिला अध्यक्ष श्वेता नैनावटी, मंत्री सुनीता गांधी, सुनीता बोड़िया, ममता लोढ़ा, प्रमिला कोचिता, अलका दोसी, प्रियंका पांगारिया, अलका बंब, पुष्पा बाफना, समता भंडारी, इंद्रा लोढ़ा, मंजू कोठारी, अध्यक्ष वींरेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह लोढ़ा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गर्ग ब्राह्मण समाज महासभा की बैठक आयोजित, संगठन मजबूती पर मंथन

## जिला समितियों के गठन, वार्षिक अधिवेशन और सदस्यता अभियान पर बनी रणनीति

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




गर्ग ब्राह्मण समाज महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आरजिया सर्किल स्थित महासभा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत बनाने और गतिविधियों के विस्तार को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. भैरू लाल गर्ग ने की।

बैठक की शुरुआत समाज के जनक एवं आराध्य श्री गर्गाचार्य ऋषि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद जिला स्तरीय समितियों के गठन और महासभा के वार्षिक अधिवेशन के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 'गर्ग ब्राह्मण महासभा आपके द्वार' अभियान के तहत प्रत्येक जिले में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। महासभा अध्यक्ष गोपाल नारायण नागर के सानिध्य में 'गर्ग ब्राह्मण महासभा आपके द्वार' अभियान की समिति गठित की गई । इसमें राधेश्याम गर्ग, हरिप्रसाद गर्ग, शिव लाल (निंबाहेड़ा), गोपाल लाल गर्ग (आरजिया), गोपाल कृष्ण गर्ग (राजसमंद प्रभारी), सत्यनारायण गर्ग एवं सुभाष गर्ग को सदस्य बनाया गया। बैठक में मदन लाल गर्ग (रोलिया) भूपेश गर्ग, पुरुषोत्तम गर्ग, राधेश्याम, सत्यनारायण गर्ग, कमलेश कुमार, राहुल गर्ग सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# शाहपुरा के स्विमिंग पूल से निकली नई लहर, कार्तिकेय व्यास बने तैराकी संघ के कप्तान

## महाव्रत गौतम सिंह चौहान सचिव और नमन ओझा कोषाध्यक्ष चुने गए

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**



शहर स्थित स्विमिंग पूल परिसर रविवार को ऊर्जा और उत्साह से सराबोर हो उठा, जहां भीलवाड़ा जिला तैराकी संघ के चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव में कार्तिकेय व्यास को संघ का अध्यक्ष, महाव्रत गौतम सिंह चौहान को सचिव तथा नमन ओझा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूरी कार्यकारिणी आगामी चार वर्षों के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुई।

तैराकी की दुनिया में लंबे समय से सक्रिय परिवार से जुड़े कार्तिकेय व्यास के नेतृत्व को खेल जगत ने नई उम्मीदों की 'फास्ट लेन' माना है। कार्तिकेय के पिता अनिल व्यास स्वयं राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय तैराकी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। खेल प्रशासन और तैराकी गतिविधियों में उनके अनुभव का लाभ अब जिले की नई टीम को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।चुनाव अधिकारी रामपाल बिड़ला की देखरेख में हुई प्रक्रिया के दौरान राजस्थान तैराकी संघ के विनोद सनाढ्य, जिला ओलंपिक संघ के लाजपत आचार्य तथा जिला क्रीड़ा परिषद के हेमेन्द्र सिंह राणावत पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी में नरेश बूलिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि जितेन्द्र सर्वा, गोपाल कृष्ण सुल्तानिया और कुणाल ओझा को उपाध्यक्ष चुना गया। गोपाल सोनी, राकेश वर्मा, सत्यनारायण टेलर और वेदप्रकाश सुथार को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। शाहपुरा के स्विमिंग पूल पर हुए इस चुनाव को जिले में तैराकी खेल के लिए नई 'स्टार्टिंग व्हिसल' माना जा रहा है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का मानना है कि नई टीम जिले के तैराकों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएं और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में मजबूत स्ट्रोक लगाएगी।

# ग्राम रथ अभियान से बदली किसान की तस्वीर, अनुदान से मिला हार्वेस्टर

## रायपुर तहसील के पालरा गांव के किसान रतनलाल बैरवा की सफलता कहानी, आधुनिक तकनीक से बढ़ी आय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रायपुर तहसील के ग्राम पालरा निवासी किसान रतनलाल बैरवा की सफलता कहानी सामने आई है, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर संचालित इस अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

किसान रतनलाल बैरवा ने बताया कि वे पहले पारंपरिक तरीके से खेती करते थे, जिससे समय और श्रम अधिक लगता था तथा लागत भी बढ़ जाती थी। समय पर फसल कटाई नहीं होने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। ग्राम रथ के गांव पहुंचने पर कृषि विभाग ने उनकी समस्या का समाधान करते हुए उन्हें फसल कटाई मशीन (हार्वेस्टर) पर अनुदान योजना की जानकारी दी और आवेदन करवाया। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें 1.25 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत हुआ, जिससे उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्र खरीदा। अब इस मशीन के उपयोग से फसल की कटाई कम समय और कम लागत में हो रही है। इससे मजदूरों पर निर्भरता कम हुई है और समय पर कटाई होने से उत्पादन हानि में भी कमी आई है। किसान रतनलाल ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री, राज्य सरकार, कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन का आभार जताया।

# परिण्डों पर उकेरी प्रकृति प्रेम की अद्भुत छटा, बच्चों की कलाकृतियों ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



दीपिका आर्ट अकादमी, नवदीप एवं भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास (इन्टेक) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'परिण्डों पर कलाकृति' प्रदर्शनी का आयोजन रविवार को शास्त्रीनगर स्थित दीपिका आर्ट अकादमी में किया गया। रंग-बिरंगे परिण्डों पर बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृतियां प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहीं। कला प्रेमियों, अभिभावकों एवं शहरवासियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की।

प्रदर्शनी में करीब 80 बच्चों ने भाग लेकर परिण्डों पर प्रकृति, पक्षी संरक्षण, जल बचाओ, पर्यावरण सुरक्षा तथा वन्य जीवों के संरक्षण जैसे विषयों को बेहद सुंदर और कलात्मक रूप में उकेरा। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के अनूठे संयोजन से साधारण परिण्डों को आकर्षक कला कृतियों में बदल दिया। कहीं पक्षियों को पानी पीते हुए दर्शाया गया तो कहीं हरियाली और प्रकृति के संदेश को खूबसूरती से चित्रित किया गया।पूरी प्रदर्शनी प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और संरक्षण का संदेश देती नजर आई। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार भी विकसित करती हैं।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास (इन्टेक) के बाबूलाल जाजू ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। गर्मी के दिनों में परिण्डे लगाना केवल परंपरा नहीं बल्कि जीवों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे कला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हैं तो उसका प्रभाव समाज पर और अधिक सकारात्मक पड़ता है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां नई पीढ़ी को संस्कृति, प्रकृति और मानवीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करती हैं। श्यामसुन्दर जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कला केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। परिण्डों पर बनाई गई ये कलाकृतियां पक्षियों के प्रति प्रेम और दया भाव को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की रचनात्मक सोच और पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखकर यह विश्वास और मजबूत होता है कि आने वाली पीढ़ी प्रकृति संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और यदि समाज का हर व्यक्ति अपने घर के बाहर एक परिण्डा लगाए तो हजारों पक्षियों को जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी बच्चों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजन का वातावरण कला, संस्कृति और प्रकृति प्रेम से सराबोर नजर आया।

## QUICK BITES

### जयपुर में 'शतकवीर सम्मान समारोह' आयोजित, सुनील जोशी सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




**मानव तिवारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख पाक्षिक पत्रिका पाथेय कण द्वारा जयपुर में 'शतकवीर सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। समारोह में संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख अरुण जैन, क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, अखिल भारतीय सदस्य प्रेम कुमार तथा पाथेय कण के नंदकिशोर पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कस्बे के सुनील जोशी (एडवोकेट) को पाथेय कण पत्रिका के एकमात्र 'शतकवीर' के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पत्रिका के लिए अधिकतम नए सदस्य जोड़ने तथा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जयपुर क्षेत्र, जोधपुर-चित्तौड़ प्रांत, भीलवाड़ा विभाग एवं शाहपुरा जिले से आए शतकवीरों ने भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान संगठन के कार्यों, पत्रिका के प्रसार तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई।

### भाजपा महुआ मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक गतिविधियों की हुई समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**



भारतीय जनता पार्टी महुआ मंडल की मासिक बैठक त्रिवेणी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने की।

मंडल अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार मंडल स्तर पर हर माह बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और संगठन की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने पर चर्चा हुई।

बैठक में 'मन की बात' कार्यक्रम को हर बूथ स्तर पर सुनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि कार्यकर्ताओं की सहभागिता बढ़ाई जा सके।

इस अवसर पर भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, मंडल महामंत्री कैलाश सुखवाल, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, हरजी रायका, शंकर नाथ, उकार बैरवा, मंत्री नरेश रायका, राकेश गर्ग, शक्ति केंद्र संयोजक कान सिंह राणावत, सोहन बैरवा सहित मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आज बिजौलियां दौरे पर रहेंगे सांसद अग्रवाल, मंदिर दर्शन व वार्षिकोत्सव में करेंगे शिरकत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**रमेश गुर्जर।** लोकसभा सचेतक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बिजौलियां आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सायंकाल 5:30 बजे क़स्बा स्थित ऐतिहासिक मंदाकिनी महादेव मंदिर पहुंचेंगे, जहां दर्शन के पश्चात मंदिर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और मंदिर पदाधिकारियों व नगरवासियों से संवाद करेंगे। सांसद प्रवक्ता पंकज जैन ने बताया कि सांसद अग्रवाल सायंकाल 6:30 बजे आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### ऊपरमाल वैष्णव बैरागी समाज की बैठक सम्पन्न , राजेश बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



ऊपरमाल क्षेत्र की वैष्णव बैरागी समाज आम चौखला की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के बड़ी संख्या में स्वजाति बंधुओं ने भाग लिया और समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से ऊपरमाल क्षेत्र की समस्त वैष्णव बैरागी समाज की कमेटी का विधिवत रजिस्ट्रेशन करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राजेश कुमार पिता स्व. मोहन दास बैरागी, निवासी चांद जी की खेड़ी को अध्यक्ष एवं शंभू लाल पिता स्व. रामस्वरूप दास बैरागी, निवासी सलावटिया को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जल्द ही कमेटी की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी बैठक 20 मई को आयोजित करने पर सहमति बनी, जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।